हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 28 जनवरी 2024

13 शहर में निकाली ट्रैक्टर ट्रॉली एवं बाइक परेड



14 कड़ाके की ठंड में सूखने लगे हलक, नहीं मिल रहा ...






# सबका साथ सबका विकास
# मोदी है तो गारन्टी है।

## जो राम का नहीं हमारे काम का नहीं
## जो राष्ट्र प्रेम से भटक गया
## परिवारवाद में अटक गया
## भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लटक गया।
## अब वो भारतीयों की आंखों में खटक गया।



नाड़ी वैद्य कायाकल्प

नाड़ी वैद्य कायाकल्प के संस्थापक
विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य ''वैद्य सत्यप्रकाश आर्य''

## समस्या रोग नहीं है अंग्रेजी दवा है, इसे बदलिए
## आयुर्वेद व पंचकर्म चुनिए

- आप खांसी या निमोनिया के लिए गए दमा बना दिया
- आप दर्द को दूर करने के लिए गए - बी.पी., गठिया, रोगों से लड़ने की ताकत समाप्त हो गई। दवाओं ने काम करना बंद कर दिया।
- आप गैस कब्ज को दूर करने के लिए गए थे हर्नियां, Hiatus Hernia, इनगुआइनल, अम्बाइलिकल हार्निया, माइग्रेन के रोगी बन गए।
- अनिन्द्रा व डिप्रैशन को दूर करने के लिए गए - नपुंसकता, अशक्तता, घबराहट, बेचैनी के रोगी बन गए।
- मोटापा दूर करने के लिए गए - डिप्रेशन व झाईयों से ग्रस्त हो गए

**आपके रोगों का कारण दूर न होने की बजाय आप इनके एंटी बैक्टिरियल व एंटी वायरस के शिकार बनते चले गए परिणास्वरूप अनेकों रोगों के घर बन गए।**

**पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधियों की सहायता से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर आपके सभी रोगों का स्थाई समाधान होता है।**

शुगर / पीलिया | कब्ज/ बी.पी. | माइग्रेन / सर्वाइकल | ऐसीडीटी/ डिप्रेशन | टाइफाइड/ नंपुसकता

सदा दवाओं का प्रयोग करना या औषधि का काम न करना मुख्य कारण है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity Power) का खत्म हो जाना इसलिए रोजाना घटनाएं घटित हो रही हैं अचानक Heart Failure या Kidney Failure, Liver Cirosis Hepatitis B-C, Cancer

**अब कोई घबराने की आवश्यकता नहीं?** आयुर्वेदिक इलाज व जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299

### डॉक्टर
#### एलोपैथी चिकित्सा

**जांच :** इलोपैथी डॉक्टर पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर जो उन्होंने रिसर्च किया है। उसी को आधार बनाकर बैक्टिरिया व रोग को जानता है।

**पीलिया :** इस पद्धति में टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर केवल Bilirubin Test के आधार पर पीलिये को निश्चित करता है।

**टायफाइड :** एलोपैथिक केवल Vidal (+) होने पर ही टायफायइड मानता है। कई बार देखा गया है (Vidral+) होने पर भी आयुर्वेदिक लक्षण को नहीं बताता।

**शुगर :** एलोपैथी में शुगर केवल Type-1, Type-II होती है, जो केवल Insulin पर आधारित है जो लक्षणों से रहित है।



जब पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधि,
अनुभवी वैद्य नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान में आपके पास उपलब्ध है।
जन्म के पश्चात होनने वाले प्रत्येक रोग ठीक हो जाता है।
इस चरक के सिद्रांत को नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान ने सिद्व किया है।
जिसका देश-विदेश से हजारों-लाखों लोग फायदा उठाकर
स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

**आप भी जीवन का आनन्द प्राप्त करिए, आप भी स्वस्थ व दीर्घायु बनिए**

**आप देश भर में कहीं से भी घर बैठे कोरियर द्वारा दवा मंगवा सकते हैं।**

### नाड़ी वैद्य
#### आयुर्वेदिक चिकित्सा

नाड़ी वैद्य नाड़ी देखकर रोग, दोष व दुष्य को जानता है। दर्शन, स्पर्शन व प्रश्न के द्वारा रोग को सुनिश्चित करता है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य पिछले 40 वर्षों से आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा नाड़ी देखकर असाध्य रोगों का इलाज कर रहे हैं, इसलिए घबराएं नहीं रोगों को जड़ से समाप्त करवाने के लिए नाड़ी वैद्य कायाकल्प पर आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाए। वैद्य जी नाड़ी देखकर रोग का कारण जानते हैं, फिर दवा पंचकर्म और परहेज से इसे समूल नष्ट करते हैं।

**नाड़ी दिखाने के लिए आप रोजाना आ सकते हैं रोहतक (हरियाणा) नांगलोई (दिल्ली)**

नाड़ी वैद्य कायाकल्प

**रोहतक** हुड्डा सेक्टर-1 की दूसरी पुलिया के सामने, नजदीक दिल्ली बाईपास,रोहतक (हरियाणा)
नाड़ी देखने का समय : प्रात 7 से सुबह 11:30 बजे तक
पंचकर्म : सुबह 7 से सायं 5 बजे तक

**दिल्ली** नजदीक नारायण धर्म कांटा, सोम बाजार-बुध बाजार रोड, नांगलाई-नजबगढ़ रोड, महाराजा अजमिढ़ भवन, नांगलोई (दिल्ली)
नाड़ी देखने का समय : दोपहर 1 से सायं 5:00 बजे तक
(बुधवार को अवकाश रहेगा)

आप हमारे YouTube चैनल NADI VAIDYA KALAKALP पर जाकर देखिए आयुर्वेद द्वारा सभी रोगों का घरेलू उपचार

आयुर्वेद में नये व पुराने रोगों का घरेलू इलाज जानने के लिए स्कैन करें।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299**

For more details : visit our website : **www.nadivaidyakayakalp.in**

Follow us :

## स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी।

# पीटीआई विनोद पिंकू को बीडीसी अध्यक्ष ने किंया सम्मानित

### राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। सराहनीय कार्य करने वाले शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार, गांव घुसकानी के सरपंच सुनीता देवी, सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, मुकेश सांगवान, स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हंसराज, मुख्य शिक्षक सुरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य धर्मराज एवं स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस मौके पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। समारोह में बतौर मुख्यअतिथि ब्लॉक समिति सदस्य सीताराम शर्मा पहुंचे। मुख्यअतिथि ने समारोह में प्रस्तुति देने वाले सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन 9वीं कक्षा की छात्रा निधि व 8वीं कक्षा की छात्रा हीना ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को हरा.भरा बनाने तथा बच्चों को शिक्षा के साथ.साथ अन्य गतिविधियों में भी पारंगत बनाने में विशेष भूमिका रखने वाले शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू को मुख्यअतिथि बीडीसी सदस्य सीताराम शर्मा ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने हमें पढ़ाई के साथ.साथ अतिरिक्त गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए, ताकि उनका सवांर्गीण विकास हो सकें तथा पीटीआई विनोद पिंकू उसी दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे है।

सीताराम शर्मा ने शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि विनोद पिंकू ना केवल पर्यावरण संरक्षण, बल्कि विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास की दिशा में बेहद शानदार कार्य कर रहे है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घुसकनी के सभी सदस्य, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य, सभी स्टाफ सदस्यों के अलावा पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य सतबीर सिंह, अनिल शर्मा, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, ममता देवी, संदीप दुग्गल, सुनील गिल, जोगिंद्र सांगवान, प्रवेश कुमारी, अनिल शर्मा हिंदी अध्यापक आदि मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र रही झांकियां

बाढ़ड़ा। 75वां गणतंत्र दिवस बाढ़ड़ा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपमंडलस्तरीय कार्यक्त्रम कस्बे की अनाज मंडी में आयोजित किया गया । जिसमें चरखी दादरी जिला परिषद के चेयरमैन मंदीप डालावास ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए ध्वजारोहण किया और एसडीएम सुरेश कुमार व डीएसपी देशराज के साथ मार्च पास्ट का निरीक्षण कर सलामी ली। उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में पहली बार शामिल की गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों व शहीद वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। बता दे कि 75 वें गणतंत्र दिवस पर बाढ़ड़ा अनाज मंडी में प्रशासन की ओर से उपमंडलस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंदीप डालावास के पहुंचने पर एसडीएम व डीएसपी ने बुके देकर स्वागत किया। उसके बाद ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी ली और हरियाणा पुलिस, एनसीसी आदि टीमों ने मार्च पास्ट किया।

# भाषण प्रतियोगिता में सानिया अव्वल

- सनराइज वमावि के विद्यार्थियों को उपायुक्त ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। उपायुक्त द्वारा सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के सनराइज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन कार्यलय के द्वारा निबंध, भाषण, वाद.विवाद, क्विज और ब्लॉक स्तर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। बच्चो उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में बढ़.चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता प्राचार्य के मार्गदर्शन में करवाई गई। विभिन प्रतियोगितओं का परिणाम निर्वाचन कार्यालय की तरफ से घोषित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सानिया व संजय कक्षा दसवीं से तीसरा स्थान प्राप्त किया और ब्लॉक स्तर पर पोस्टर मेकिंग में भारती व विजय कक्षा बाहरवीं साइंस से प्रथम स्थान पर रही। जिसका जिला स्तरीय 14 वे मतदाता दिवस पर आदर्श महिला महाविद्यालय में उपायुक्त नरेश नरवाल और नगराधीश हरबीर सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

### मतदान का महत्व बताया

इस उपलक्ष्य में प्राचर्य ललित कुमार ने विजयी बच्चो को शुभाशीष दिया और वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम इस नेशनल थीम को दोहराते हुए मत ,मतदाता और मतदान के महत्व को बताया। प्राचार्य ने अवगत कराया की हम स्कूल में समय समय पे शिक्षाप्रद गतिविधियां करवाते रहते हैं। जिस से बच्चो का सवांर्गीण विकास होता है। विजयी छात्रों को विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य ललित शर्मा, निर्देशक अशोक सहारन और सचिव अशोक मान एवं समस्त शिक्षा वृन्द द्वारा सम्मानित किया गया।

## बीके विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस




बवानीखेड़ा। बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बड़े हषारे्ल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में समाज सेवी सुभाष शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में राष्ट्रगान व देशभक्ति गीत का गायन भी हुआ। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेन्द्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक, मनीषा, कृष्ण, अशोक जाखड़, निशा, बजरंग, मुकेश, अमित, सतेंद्र गिल, मनीष शंकर सहित स्टाफ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर-13 में वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस



भिवानी। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा 75 वां गणतंत्र दिवस सिनियर सिटीजन क्लब सैक्टर. 13, भिवानी में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर धूमधाम व हषोंर्उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को नमन करके उन द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद किया गया तथा इस मौके पर नशामुक्त भारत बनाने की भी शपथ ली गई। रामकिशन जाखड़ द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा इस मौके पर ओमप्रकाश पोपली, आजाद सिंह, सत्यवान, चिरन्जीलाल सांवरिया, अजीत सिंह, नरेश कुमार चान्दना, राम अवतार मेहन्दिया, ताराचंद पीटीआई, तिलकराज अरोड़ा, जगदीश गोयत, राजेन्द्र दहिया, अजय दहिया, नारायण दत, कै. राममेहर जागड़ा, मा.रामधन जागड़ा, श्री भगवान, जिले सिंह मलिक, सुरजन मलिक,जगत सिंह,राजपाल सांगवान,बजरंग शर्मा व रामकिशन शर्मा आदि उपस्थित थे।



### गणतंत्र दिवस देश की एकता-सम्मान का प्रतीक

भिवानी। गांव धनाना में झांसी की रानी एक प्रेरणा समूह ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समूह की सदस्या श्वेता ने की। समूह की सदस्यों ने तिरंगा फहराया तथा खुशियां मनाई। समूह की प्रदेशाध्यक्षा प्रियंका प्रजापति ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की एकता, सम्मान व समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को गणतंत्र दिवस के इतिहास की जानकारी दी। इस अवसर पर मोनिका, मानसी, दिव्या, ज्योति, श्वेता, खुशबू, भावना आदि मौजूद रहे।



### उच्च शिक्षा से प्राप्त कर सकते हैं हर मुकामः सिवाच

भिवानी। राजकीय कन्या वमा विद्यालय मित्ताथल में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि अमिता सिवाच व गांव की शिक्षित बेटी अंजू ने कहा कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। उच्च शिक्षा से हर मुकाम को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सुनील सिवाच, सरपंच प्रतिनिधि नरेश नेशी, कार्यकारी प्राचार्य कृष्ण कुमार, अजय, आनंद सिवाच, राजपाल फौगाट आदि मौजूद रहे।



### केएम स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

भिवानी। केएम पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया ने ध्वजारोहण किया। दसवीं कक्षा की प्राची ने हिंदी भाषण, ग्यारहवीं की प्राची ने अंग्रेजी भाषण तथा आठवीं के तुषार ने हिंदी कविता के माध्यम से गणतंत्र दिवस पर विचार व्यक्त किए। प्राचार्या रेनू सैनी ने हिंदी कविता, संस्कृत अध्यापिका सुनीता शर्मा ने संस्कृत गीत व रेखा श्योराण ने हिंदी कविता सुनाई।



### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

भिवानी। गांव प्रेमनगर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय 75वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि समाजसेवी मास्टर सतबीर रतेरा ने शिरकत की तथा अध्यक्षता सरपंच राजेश कुमार व मुख्याध्यापक रिपुदमन ने संयुक्त रूप से की। मास्टर रतेरा ने ध्वजारोहण किया तथा सलामी ली। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक, देशभक्ति व नाटक का मंचन किया।




### बीआरसीएम शिक्षण संस्थान में गणतंत्र दिवस मनाया

भिवानी। बीआरसीएम शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया। समारोह का शुभारंभ मुख्यतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि उषा सिन्हा ने ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से किया गया। तत्पश्चात एनसीसी एवं एनएसएस छात्रों ने तिरंगे को सलामी दी। बीआरसीएम लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया।

### देशभक्ति प्रस्तुति देकर किया शहीदों को याद



भिवानी। विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व बड़े उत्साह के मनाया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देखकर अभिभावकों व शिक्षकों को भावविभोर किया। इस अवसर पर देशभक्तों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि विद्यालय संचालिका सावित्री यादव, विजेंद्र यादव, ग्रेसी कुट्टी, राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने शिरकत की और अमर शहीदों के पदिचन्हों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें देश भक्तों के त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए और त्याग की भावना को अपनाना चाहिए।



### गणतंत्र दिवस एकता और सम्पन्नता का प्रतीक

भिवानी। भिवानी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया व राष्ट्रीय गान के साथ आयोजन की शुरूआत की। स्कूल की निर्देशिका आशा पाहूजा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस मौके पर स्कूल सचिव अधिवक्ता पुलकित पाहूजा ने बताया कि ये पर्व हमारी एकता, सम्पन्नता एवं गौरव का प्रतीक है, जो आजादी हमें इतनी मुश्किलों से मिली है।



### गौरव-गाथा पर गर्व की अनुभूति करवाने वाला पर्व गणतंत्र दिवस

भिवानी। हलवासिया विद्या विहार में अभिमन्यु सदन प्रमुख आचार्या कविता तंवर व सिंपल बागला की देखरेख में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में विद्यालय के पुरातन छात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रतीक त्रिलोकी गुप्ता, गायनेकोलॉजिस्ट परिमा जैन एवं मेधावी छात्रा यशस्विनी ने शिरकत की। अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। प्रशासक दीवानचंद रहेजा, प्राचार्य विमलेश आर्य, सरला शर्मा, मोहिनी महता एवं अलेक्जेंडर दास, राजेंद्र नरूला आदि मौजूद रहे।



### पंडित नेकीराम शर्मा पार्क समिति ने मनाया गणतंत्र दिवस

भिवानी। स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा पार्क समिति द्वारा कीर्ति नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी नेकीराम पार्क में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह में मुख्यतिथि सुबेदार नोरंगराय बरवड़ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सेवानिवृत बीडीपीओ राजकुमार शर्मा, रतिराम सैनी, एडवोकेट युधीष्ठर वत्स, भीम शोपर्णा, धर्मवीर रंगा, सुरेश केहड़िया, कपूर शर्मा, दलबीर रंगा, राकेश रंगा, जितेन्द्र शर्मा, आजाद सिंह, बलवंत एसडीओ, संजय एसडीओ आदि मौजूद रहे।



### हमारा फाउंडेशन सैनिक प्रकोष्ठ ने स्टेशन पर फहराया तिरंगा

भिवानी। रेलवे जंक्शन पर हमारा फाउंडेशन सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारेह में जंक्शन के एडीएन दिनेश पुरोहित ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उनके साथ स्टेशन सुप्रीडेंट जीके गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज एसएन रॉय, एसएससी सिग्नल मृत्युंजय पांडे, हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक एवं वर्तमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन, सीईओ एसके सिंह, महेश चौहान, आरपी ओला, विनोद शर्मा, नेत्रपाल तंवर, कंवरपाल तंवर व रेल कर्मचारी शामिल हुए और आरपीएफ एवं जीआरपीएफ की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



### देशभक्ति से सराबोर गीतों और नृत्यों से भावविभोर किया

भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। महाविद्यालय प्राचार्य त्रिलोकचंद ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर चेतांशी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने देशभक्ति से सराबोर गीतों और नृत्यों से भावविभोर कर दिया। प्रोफेसर लक्ष्मी आर्य ने गणतंत्र दिवस पर हरियाणवी भाषा में गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन कुमारी रिया व पूजा ने बखूबी किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रेखा शर्मा, ईशा चौधरी, परमानंद, राजेश, अनीता, नवनीत, धर्मपाल, मंजु, रेणु, ललित आदि मौजूद रहे।



### मित्ताथल स्कूल में सरंपच मीना ने फहराया तिरंगा

भिवानी। वीर शहीद सुरेश कुमार राजकीय वमा विद्यालय मित्ताथल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच मीना देवी ने तिरंगा फहराकर किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में शकुंतला ने शिरकत की तथा अध्यक्षता प्राचार्या राजरानी ने की। प्राचार्या राजरानी ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ऊमा, सुमित्रा दीपिका, मंजू, अनीता, कृष्णा, जोगेन्द्र, प्रमोद, कमलेश, कृष्ण आदि मौजूद रहे।




### लिटिल हार्टस में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस का पर्व

भिवानी। लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में विद्यालय के चेयरमैन त्रिलोकचन्द गोयल व समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर आनन्द प्रकाश गोयल, संजय गोयल, एमडी पवन गोयल, भावना गोयल, सतीश गोयल, सीमा गोयल, रविन्द्र गोयल, शकुन्तला देवी, एमएल. अग्रवाल, निदेशक राम सिंघल, ऐश्वर्या सिंघल, राहुल गोयल, संचित जैन, मेघा जैन, प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य बसंत मुदगिल, श्याम सुन्दर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आस्था स्पेशल स्कूल में गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ 75वां गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि श्रीश्याम स्वदेशी बाजार के निदेशक एवं अणुव्रत समिति के जिलाध्यक्ष रमेश बंसल एवं राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन नई दिल्ली के अध्यक्ष आरके शर्मा, साधुराम शर्मा, सेवानिवृत्ति बैंक मैनेजर नरेश बंसल, मनोज गोयल, पंकज गोयल, डॉ. पवन, डॉ. दीपक पूनिया डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ, अधिवक्ता सुरेश मेंवलीवाल, मुकेश वत्स, संस्था की प्राचार्य सुमन शर्मा व संस्थापक विजय शर्मा ने उपस्थित ध्वजारोहण किया और दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़कर प्रोत्साहित कर सम्मानित किया।



### बैंड व ध्वजारोहण के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आगाज



भिवानी। वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में समस्त वैश्य परिवार ने मिलकर गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत बैंड वं परेड के माध्यम से बच्चों ने अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता, महासचिव पवन कुमार बुवानी वाला व सुरेश गुप्ता को सलामी देकर की। अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या कमला गुरेजा व करतार सिंह जाखड, पिंकी,प्रियंका व निखिल मौजूद रहे। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों का किया स्वागत

# जी लिट्रा वैली समें मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में ध्वज फहराते हुए। फोटो : हरिभूमि

जी लिट्रा वैली स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव बहुत ही हर्ष, उल्लास और धूमधाम से मनाया। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआई भिवानी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। संरक्षक रमेश बंसल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर विवेक अग्रवाल, आदित्य मित्तल, मुनिन्द तायल, राहुल बासिया, सुशील लोहिया उपस्थित हुए। अतिथियों के आगमन पर विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर उनका स्वागत किया। प्रशासक एसके हलवासिया, प्राचार्या शिप्रा शर्मा, उपप्राचार्या डा. पुष्पलता, ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग ने स्मृति चिन्ह देकर सभी का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने ध्वज फहराया और राष्ट्रीय धून के साथ विश्व विजयी तिरंगे को सलामी दी। उसके बाद मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि समर्पित की। अध्यापिका रविता व सौम्या ने मंच संचालन किया। कक्षा छठी, सातवीं से नौंवी तक के विद्यार्थियों ने सभी राज्यों से मिलीजुली संस्कृति की झांकी प्रस्तुत करते हुए सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के पांच विद्यार्थियों में केतन, दीपेश, कार्तिक, जानवी व नमन को विभिन्न क्त्रीड़ा क्षेत्रों में पदक व स्थान पाने पर छात्रवृति देकर विद्यालय द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बच्चों की प्रस्तुति से अभिभूत होकर अतिथिगणों ने उनकी प्रशंसा करते हुए बच्चों को बताया कि शिक्षा ही जीवन को संवारने और राष्ट्र को उन्नत करने का एकमात्र माध्यम है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम द्वारा किया गया।

### शहीदों को किया नमन

प्राचार्या ने सभी विशिष्ट अतिथियों, शिक्षकवृंद और विद्यार्थियों को 75वें गणतंत्रत दिवस की बधाई देते हुए शहीदों के द्वारा राष्ट्र के लिए किए गए बलिदान पर नमन किया। प्रशासक एसके हलवासिया ने सभी को बताया कि 26 जनवरी 1949 को भारतीय संविधान का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ और 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ।

## खबर संक्षेप



### संविधान हमें अनुशासन में रहना सिखाताः बीके हिना

**भिवानी।** बावड़ी गेट रविदास मंदिर के पास स्थित कबीर देव शिक्षा जागृति समिति आश्रम में गुरुग्राम से पधारी बीके हिना ने ध्वजारोहण किया तथा दिव्यांग बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। इस मौके पर समिति प्रधान भगवानदास कालिया ने अतिथियों का स्वागत किया।



### अंचल नर्सिंग होम में शहीदों को किया नमन

**भिवानी।** अंचल नर्सिंग होम में गणतंत्र पर्व बड़ी धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ. विनोद अंचल ने शहीदों द्वारा दी गई कुर्बानियों व उनके द्वारा दिये गए बलिदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत माता के लालों की वजह से ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

### शिविर ग्रामीण लोगों के लिए रामबाणः डॉ. जनावा

**तोशाम।** शनिवार को क्षेत्र के गांव भेरा स्थित अनची देवी धर्मशाला में निरोग निर्मल शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. सुनीता जनावा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। शिविर में पहुंचने पर निरोग निर्मल शिक्षा सेवा संस्थान के पदाधिकारीयों द्वारा मुख्यतिथि डॉ. सुनीता जनावा का भव्य स्वागत किया।



### भारत माता पूजन दिवस मनाया

**भिवानी।** गोशाला मार्केट स्थित भारत माता अभिनंदन संगठन के केंद्रीय कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर भारत माता पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि संस्कार भारती जिलाध्यक्ष शिवकुमार चित्रकार ने शिरकत की। इस अवसर पर संगठन की महासचिव मंजू मित्तल, ऑफिस इंचार्ज संजय, शंभू, तुषार मुटरेजा, सुखबीर डोकी आदि मौजूद रहे।



### राष्ट्रभक्तों का सम्मान कर मनाया गणतंत्र दिवस

**भिवानी।** गणतंत्र दिवस पर भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा दिल्ली स्थित गोपीनाथ फॉर्म पर भारत माता पूजन, राष्ट्र माता गौ पूजन, गोशालाओं का अभिनंदन, शहीदों का सम्मान व वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशिष्टजनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गाय के दूध में 500 बीमारियों को दूर करने की ताकतः शर्मा

## गाय कहने के लिए माता नहीं, असलियत में हमारी माताः अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी अनिल शर्मा ने तोशाम स्थित बाबा मुंगीपा गोशाला एवं गो अस्पताल का निरीक्षण कर गायों को चारा व गुड़ खिलाया। इससे पहले गोशाला परिसर में पहुंचने पर गौशाला समिति ने अनिल शर्मा का भव्य स्वागत किया। उन्होंने गायों के लिए सवा लाख रुपए की राशि गोशाला प्रबंधन समिति को दान दी। उन्होंने कहा कि गाय को माता का दर्जा दिया गया है, वह सिर्फ कहने को माता नहीं, बल्कि असलियत में वह हमारी माता है, क्योंकि गाय के दूध में करीबन 500 प्रकार की बीमारियों को दूर करने की ताकत है। अनिल शर्मा ने कहा कि आप गाय का दूध पीते हो, गाय का घी खाते हो, गोमूत्र प्रयोग करते हो या गाय का पालन करते हो तो अनेक प्रकार की बीमारी आपके शरीर में प्रवेश ही नहीं कर सकती। अमेरिका में तो गाय का पालन करके गाय के केंद्र बना लिए गए हैं और अनेक तरह की बीमारियों को दूर करने के लिए अमेरिका के लोग केंद्रों में जाते हैं और सिर्फ उन गाय के ऊपर हाथ फेरने की ही एक घंटे की कीमत करीबन नौ हजार रुपये होती है।

**हमारी नकल करके अमेरिका जैसे देश पाल रहे हैं गाय**

उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे विकसित देश के लोग हमारी नकल करके गाय का पालन कर रहे हैं और हमारे देश के लोग गाय को बाहर निकाल रहे हैं। हमारे देश के लोग कुत्ते को घर के अंदर रख रहे हैं जो बहुत ही चिंतनीय विषय है। उन्होंने सभी हिंदुस्तानियों से आह्वान किया कि वे अपने घर में गाय का पालन करें और गाय के दूध, घी, गोमूत्र आदि वस्तुओं का सेवन करें जिससे हमारी संस्कृति और संस्कार बन रहे।


**तोशाम।** मुख्यतिथि अनिल शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

**गाय के दूध व घी से इंसान का दिमाग होता तेज**

शर्मा ने कहा कि गाय के दूध व घी में ज्यादा फैट नहीं होता, बल्कि ये इंसान के दिमाग को बहुत तेज करते हैं। इस दौरान गौशाला समिति ने अनिल शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर भगवान परशुराम जनसेवा समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा, गौशाला समिति के प्रधान नरेंद्र गोयल लालदास, सुरेश लाठर, अतुल महता, पंच ईश्वर, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पंडित रामदयाल शर्मा, संदीप मोटू व सोनू आदि मौजूद थे।

### आर्य समाज घंटाघर में मनाया आर्यवीर दल का स्थापना दिवस

**भिवानी।** आर्यवीर दल का स्थापना दिवस आर्य समाज घंटाघर में बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का प्रारंभ यज्ञ के ब्रह्मा नरदेव आर्य ने हवन करके किया। यजमान के रूप में दल के मंडलपति विमलेश आर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दल के बुजुर्ग कार्यकर्ता बिशंभर दयाल शर्मा को फूल मालाओं तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दल हरियाणा के संचालक उमेद शर्मा ने आर्य वीर दल के गौरवपूर्ण इतिहास को सभा में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुरुकुल तक्षशिला के आचार्य डॉ. जयवीर, वेदप्रकाश आर्य, देवदत्त आर्य, शेखर आर्य, सतबीर आर्य, नरेंद्र व दिनेश आदि मौजूद रहे।

## जनता की रोजी रोटी पर हमला कर रही सरकारः सिंह

# शहर में निकाली ट्रैक्टर ट्रॉली एवं बाइक परेड

**संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 16 फरवरी को हड़ताल बंद की घोषणा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की मांगों को लेकर जिले के किसानों, मजदूरों ने सैंकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉलियों व बाइकों पर शहर में गणतंत्र दिवस पर परेड निकाली। जिलभर से किसान ट्रैक्टर ट्रॉली सहित व मजदूर बाइकों सहित हुड्डा पार्क पहुंचे और परेड करते हुए हुडा पार्क से कोर्ट रोड होते हुए बड़चौक, औद्योगिक सेंटर, कदम हॉस्पिटल, अग्रसेन चौक, दादरी रोड, दिनोद गेट, घंटाघर होते हुए सेठ किरोड़ीमल पार्क में पहुंचे। सेठ किरोड़ीमल पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य नेता कामरेड इंद्रजीत सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार जनता की रोजी रोटी पर हमला कर रही है, वहीं धर्म व जाति के नाम पर जनता की एकता तोड़ रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई वादा खिलाफी की निंदा की। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को आम हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद होगा। कामरेड ओमप्रकाश व कमल सिंह प्रधान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दिन प्रतिदिन कर्मचारी, मजदूर, किसान व आमजन विरोधी नीतियां लागू की जा रही हैं। महंगाई व भ्रष्टाचार चरम पर हैं और आमजन में रोष पनप रहा हैं।


**भिवानी।** शहर में ट्रैक्टर ट्रॉली परेड निकालते किसान, मजदूर एवं आमजन।


**भिवानी।** ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक परेड को लेकर एकत्रित किसान, मजदूर एवं आमजन को संबोधित करते कामरेड ओमप्रकाश।

**ये रही मांगें**

विभिन्न वक्ताओं ने एमएसपी की संवैधानिक गांरटी लागू करने, बिजली नीजिकरण बिल रद करने, किसानों को कर्जमुक्त करने, मजदूरों के पुराने कानून बहाल करने, भिवानी जिले का बकाया बीमा व मुआवजा जारी हो, सेना में स्थायी भर्ती, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, वेतन विसंगतियां दूर करने, पुरानी पेंशन बहाली व महकमों में रिक्त पड़े पद भरने सहित अनेक मांगें उठाई। इसके साथ ही 16 फरवरी को भारत बंद रखने की भी चेतावनी दी।

**इन्होंने किया नेतृत्व**

ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक परेड का नेतृत्व किसान सभा के रामफल देशवाल, मास्टर जगरोशन, कामरेड ओमप्रकाश, मास्टर शेरसिंह, युवा कल्याण संगठन के कमल सिंह प्रधान, भाकियू नैन के मेवासिंह आर्य, एआईकेएमएस के रोहताश सैनी, भाकियू टिकैत के रवि आजाद, संयुक्त किसान मोर्चा के दलीप सिंह सांगवान, किसान मजदूर शोषण मुक्ति के पृथ्वीसिंह श्योराण, मजदूर संगठन सीटू के राममेहर, राज्य नेता जयभगवान, एटक के फूलसिंह इन्दोरा, इंटक के रामअवतार खोरड़ा, एआईयूटीयूसी के धर्मबीर, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के रत्न जिंदल, भाकियू चंढूनी के राकेश आर्य, सकसं के सहदेव, संदीप सांगवान आदि ने किया।

# बाजार से ही खरीदारी करेंः डॉ. मनीषा

- जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना : डॉ. मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सेवा, परमार्थ भगवदीय पथ है, जहां जीवन सिद्धि है। सेवा के भावों को अंगीकार करते हुए समाज को अनुकरणीय दिशा दी जा सकती है और मानव सेवा सच्चा धर्म है। समाज में हमेशा सेवाभाव होना अति आवश्यक है।

यह बात कांग्रेस नेता डॉ. मनीषा सांगवान ने पुराना बस स्टैंड पर रेहड़ी व दुकानदारों को सम्मानित करते हुई कही। मनीषा सांगवान ने कहा कि आज समाज में तेजी से ऑनलाइन शॉपिंग का चलन पढ़ गया है। जिसका असर छोटे दुकानदारों व रेहड़ी वालों पर पड़ा है। हमें आनलाइन की बजाय बाजार से ही खरीदारी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि फल फ्रूट की रेहड़ी लगाने वाला हर व्यक्ति समाज का अहम हिस्सा है। जो कड़ाके की ठंड और चिलचिलाती धूप में दूसरों को खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराते हैं। अलसुबह से देर रात तक ये लोग रोजी रोटी कमाने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। अपने परिवार की चिंता छोड़कर ये लोग हमें आसानी से सामान उपलब्ध कराते हैं। हम इनकी मेहनत को कभी नहीं भुला सकते। सांगवान ने कहा की एक-दूसरे के प्रति प्रेम भाव से सामाजिक एकता, शांति और भाईचारे का आधार बनता है। इतना ही नहीं सेवा कार्यों से उत्तम जीवन मूल्यों की स्थापना होती है। हमें मानवता को भूलना नहीं चाहिए।


**चरखी दादरी।** रेहड़ी वालों को सम्मानित करते डॉ. मनीषा सांगवान।

### अतिरिक्त उपायुक्त करेंगी अपील की सुनवाई

**भिवानी।** राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नपा बवानीखेड़ा, सिवानी और लोहारू के सभी वार्डों की मतदाता सूची को विधानसभा की मतदाता सूची के अनुरूप किए जा रहे कार्य के लिए डीसी नरेश नरवाल ने एडीसी अनुपमा अंजलि को अंतिम अपील सुनने के लिए अधिकृत किया है।

संबंधित एसडीएम रिवाईजिंग अथोरिटी और संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहायक रिवाइजिंग अथोरिटी का काम करेंगे। डीसी नरवाल ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय की मतदाता सूची भी विधानसभा चुनाव के अनुरूप की होगीए जिसके लिए मतदाता सुचियों को पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है।




### गणतंत्र दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**चरखी दादरी।** गांव मौडी स्थित _सीबीएस मैमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मे गणतंत्र दिवस अवसर पर वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि निदेशक एआरओ चरखी दादरी कर्नल आनंद सांकले व सहयोगी राजू हूडूर _सूबेदार मेजर ने शिरकत की। साथ ही विशिष्ट अतिथि एपीएस चेयरमैन नवीन श्योराण व प्राचार्य दीपक शामिल हुए। सरस्वती वंदना करके तथा ध्वजारोहण के साथ अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत कक्षा वार बच्चों ने देश भक्ति गीतों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रोग्राम की सभी गतिविधियां डॉ. नरसिंह चाहर के मार्गदर्शन मे हुई। विद्यालय प्राचार्य प्रदीप रोहिल्ला ने स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किये गये प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक डॉ. सुरेश कुमार सोलंकी ने सभी को शिक्षा स्तर मे और अधिक गुणवता के साथ आगे बढ़ाने का आसवाशन दिया। मुख्य अतिथि कर्नल सांकले ने कहा कि वे सीबीएस के स्टाफ व विद्यार्थियों के अनुशासन व प्रतिबद्धता से काफी प्रभावित हुए है।

### टूलकिट खरीदने को मिलती है आर्थिक सहायताः उपायुक्त

**भिवानी।** सरकार द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भी एक बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना में तहत शिल्पकारों और व कारीगरों को टूलकिट खरीदने के लिए आर्थिक सहायता मिलती है।

सहायता राशि लेकर शिल्पकार और कारीगर अपना काम.धंधा शुरु कर सकते हैं। योजना के लाभ के लिए अपने नजदीकी अटल सेवा केंद्र में पंजीकरण करवा सकते हैं। उपायुक्त नरेश नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जरूरतमंद कारीगरों व शिल्पकारों के लिए एक तरह से वरदान है।



### संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मांगों को लेकर भाकियू ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**बाढड़ा।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में गणतंत्र दिवस पर बाढ़ड़ा में एमएसपी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कस्बे में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। बाद में उन्होंने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रधान हरपाल भांडवा की अगुवाई में बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। बता दे कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाकियू पदाधिकारी जिला प्रधान हरपाल भांडवा की अगुवाई में ढिगावा मोड़ पर एकत्रित हुए। जिसके बाद दर्जनों ट्रैक्टरों के साथ लोहरू रोड़ए मुख्य क्रांतिकारी चौक व जुई रोड़ होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, किसान आंदोलन के दौरान किसानों के दर्ज मुकदमें वापिस लेने, बर्बाद फसलों का मुआवजा देने आदि किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। वहीं किसानों की मांगों को पूरा नहीं किए जाने पर फिर से किसान आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। इस दौरान जिला प्रधान हरपाल भांडवा, महेंद्र, संदीप सांगवान, आनंद वालिया, गिरधारी आदि मौजूद रहे।

# जिला बार एसो. को भेजा चेक

- जिला बार के कल्याणकारी कार्यो के लिए किया जाएगा राशि का उपयोग : वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आमजन के लिए न्याय का रास्ता प्रशस्त करने में विशेष भूमिका निभाने वाले अधिवक्ताओं को हर सुविधा मुहैया करवाना जिला बार एसोसिएशन का दायित्व है, जिस दायित्व को निभाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है।

इसी के तहत जिला बार एसोसिएशन के कल्याणकारी कार्यो के लिए बार काउंसिल पंजाब और हरियाणा चंडीगढ़ के सदस्य व पूर्व चेयरमैन रजत गौतम ने जिला बार एसोसिएशन भिवानी के लिए दो लाख रुपये का चैक बार काउंसिल के फंड से भिजवाया। ये चैक सीनियर अधिवक्ता सोहनलाल मक्कड़, अविनाश सरदाना, बीबी जैन, मनदीप गोदारा एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति में अधिवक्ता राकेश वत्स को सौंपा गया। अधिवक्ता राकेश वत्स व अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति में जिला बार एसोसिएशन के उपप्रधान रवि राय, सचिव दीपक तंवर, कोषाध्यक्ष प्रिया लेघां व अन्य पधाधिकारियों की मौजूदगी में सुपुर्द किया। अधिवक्ता वत्स ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए अनेक प्रकार की सुविधाओं का विस्तार करना प्रस्तावित है तथा ये सहयोग राशि जिला बार के कार्यो को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी।


**भिवानी।** अधिवक्ता राकेश वत्स व अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति में चैक सुपुर्द करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### उत्कृष्ट योगदान देने वालों को किया सम्मानित

**बहल।** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, बहल में कार्यरत सहायक प्रो. डॉ. सतबीर शर्मा को हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र बहल की स्थापना में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान राजकीय स्टेडियम लोहारू में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि दादरी के विधायक सोमबीर सांगवान और लोहारू के एसडीएम अमित कुमार द्वारा दिया गया । डॉ. सतबीर शर्मा को बहल में पशु चिकित्सा विज्ञान केन्द्र की स्थापना में दिए गए विशेष योगदान के लिए विधायक सोमबीर सांगवान ने उनकी प्रशंसा की व कहा कि पशु कल्याण की सेवा में उनके द्वारा दिए गया योगदान अनुकरणीय है। डॉ. शर्मा ने पशु शल्य चिकित्सा में महारत हासिल किए है।

# भाजपा ने किया गांव चलो अभियान का आगाज

- गांव चलो अभियान के तहत करवाएंगे मोदी व मनोहर सरकार की नीतियों से अवगत : डाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकसभा चुनाव 2024 में हैट्रिक बनाने के मिशन से चुनाव की तैयारी कर रही भाजपा ने गांव चलो अभियान शुरू किया है। इसी अभियान के तहत पंचायत भवन में शनिवार को भाजपा की बैठक आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश सचिव रेनू डाबला ने शिरकत की तथा अध्यक्षता जिला प्रधान मुकेश गौड ने किया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर गांव चलो अभियान के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विशेष दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश सचिव रेनू डाबला ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने आम आदमी व गांव.गांव तक पहुंचने के लिए गांव चलो अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव.गांव जाकर लोगों से संपर्क साधेंगे तथा भाजपा सरकार द्वारा 10 साल के दौरान आमजन के हित में लागू की गई नीतियों की विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने कहा कि गांव चलो अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा कि वे कैसे लोगों तक केंद्र की सरकार की उपलब्धियां व नीतियों को पहुंचाएं।


**भिवानी।** आयोजित बैठक में मंचासीन पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## शंकर पहलवान को संस्कृति गौरव से किया सम्मानित

# सूर्यकवि लख्मीचंद के नल दमयंती सांग का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महान कवियों की स्मृति में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन द्वारा गांव उमरावत स्थित निमार्णाधीन सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद सांस्कृतिक भवन में जारी चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के प्रथम दिवस शुक्रवार को महान सांगी रहीश यादव ने वीर विक्रमाजीत सांग का मंचन किया, जिसमें सूर्यकवि दादा लख्मीचंद के सुपौत्र महान सांगी विष्णुदत्त कौशिक जांटी द्वारा सांग का मंचन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के साथ की गई थी। सांगी रहीस यादव राजस्थान ने कवि शिरोमणी दादा मांगेराम द्वारा रचित सांग वीर विक्रमाजीत खांडेराव परी सांग का मंचन किया। शनिवार को पंडित विष्णु कौशिक ने सूर्यकवि दादा लख्मीचंद द्वारा रचित नल दमयंती सांग का मंचन किया, जिसमें बताया कि मनुष्य को अपने धर्म-कर्म पर पूर्ण निष्ठा से रहना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने बिगड़े हुए कार्य भी सुधर जाते है। इस अवसर पर मुख्यतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स व विधायक घनश्याम सर्राफ ने अपने संबोधन में संगठन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि नवनीत भारद्वाज कंसाला ने शिरकत की। इस अवसर पर धारेडू गांव के प्रसिद्ध लोकगायक व कवि स्वर्गीय मुरारीलाल को संस्कृति गौरव से सम्मानित किया, जो उनके परिवार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में शंकर धारेडू पहलवान को संस्कृति गौरव से सम्मानित किया। संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक व प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को हरियाणा की गौरवमयी संस्कृति एवं इतिहास से रूबरू होने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में विष्णुदत्त कौशिक, अधिवक्ता कृष्ण अवतार, मास्टर रविंद्र कौशिक, सत्यनारायण धारेडू, जयप्रकाश थानेदार, पवन सरपंच, बजरंग सरपंच, लक्ष्मीदत्त वत्स आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** विधायक घनश्याम सर्राफ को सम्मानित करते संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## फोटोग्राफर की बाइक चोरी, मामला दर्ज

**लोहारू।** जगरामबास में मांगलिक कार्यक्रम में फोटोग्राफी करने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक साहिल की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में साहिल ने बताया कि वह जगरामबास गांव में भजन संध्या में फोटोग्राफी के लिए गया था। सुबह वापसी के दौरान देखा तो उसकी बाइक गायब थी।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**लोहारू।** बीते दिवस गिगनाऊ के पास ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में से एक युवक ने बाद में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में गिगनाऊ निवासी अजय ने बताया कि वह अपने भाई पवन और रिश्ते भाई सौरभ के साथ गिगनाऊ में मंदिर के पास सड़क किनारे स्कूटी लेकर खड़े थे। इतने में तेज गति से आए ट्रक ने उनको टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में उसके भाई सौरभ और उसे काफी चोटें आई। दोनों को घायल अवस्था में लोहारू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अजय को भिवानी और घायल सौरभ को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। लेकिन सौरभ की रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## व्हाट्सएप पर परिचित की फोटो लगाकर की ठगी

**चरखी दादरी।** मंदौला निवासी एक व्यक्ति के साथ हजारों रुपयों का साइबर फ्रॉड हो गया। आरोपी ने अपने व्हाट्सएप पर पीड़ित के परिचित की डीपी लगाकर ठगी की। पुलिस ने आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से दो मोबाइल बरामद किए हैं। जिसको न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गांव मंदौला निवासी बजेंद्र ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को राजस्थान के मैनापुरी से काबू कर लिया। आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## किसान सभा आज बिजली बोर्ड प्रांगण में देगी धरना

**बहल।** लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा बहल के कार्यकर्ताओं द्वारा 29 जनवरी को बिजली बोर्ड बहल के प्रांगण में धरना दिया जाएगा। सरकार व प्रशासन से मांग की जाएगी कि जिन किसानों ने कृषि ट्यूबवेल के लिए तत्काल स्कीम के तहत पैसे जमा करवा रखे हैं और उनको कनेक्शन जारी नहीं किया गया है उनको तत्काल प्रभाव से कनेक्शन दिया जाए।

डॉ. बलबीर सिंह ठाकन ने बताया कि सरकार 2019 से तत्काल स्कीम के तहत कनेक्शनों की सभी लागत जमा करवाने के बाद भी कनेक्शन देने में नाकाम रही है।

# कड़ाके की ठंड में सूखने लगे हलक, नहीं मिल रहा पेयजल

## चार फुट पानी से सात दिन कैसे होगा शहर की जनता का हलक तर

### जिले की नहरों में सप्ताह की देरी से पहुंचेगा नहरी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कड़ाके की ठंड में भी लोगों को पीने के पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। नहरी पानी पहुंचने में देरी होने की वजह से एक सप्ताह देरी से जिले की नहरों में पानी पहुंचेगा। जिसकी वजह से जलघरों में पानी कम ही बचा है। हालात ये बने है कि जलघर की तलहटी में तीन से चार फुट तक ही पानी बचा है।

पब्लिक हेल्थ विभाग ने पहले से ही पीने के पानी की राशनिंग की हुई है,लेकिन उसके बावजूद शहर में दो दिन छोड़कर पानी की सप्लाई करनी पड़ सकती है। फिलहाल जलघरों में तीन.चार फुट तक पानी बचा है,लेकिन नहरों में सात दिनों बाद ही पानी पहुंचेगा। उसी वक्त ही पीने के पानी की सप्लाई पटरी पर आ सकती है। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह के पहले सप्ताह में नहरी पानी पहुंचने की उम्मीद है। उसके बाद ही जलघरों में पानी पहुंच पाएगा।



**भिवानी।** जलघर की तलहटी में जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

**केवल गाद ही बची:** शहर के बीच स्थित जलघर के तीन टैंकों का पानी तो लगभग खत्म हो चुका है। उन टैंकों में केवल गाद ही बची है। चौथे जलघर की तलहटी में केवल तीन से चार फुट तक ही पानी बचा है। जो कि शहर के लोगों का दो से तीन दिनों तक हलक तर कर सकता है। फिलहाल पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा पानी की राशनिंग की हुई है। शहर में एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। यही स्थिति शहर के अन्य जलघरों की बनी है। वहां पर तीन से चार दिनों का ही पानी शेष बचा है। उन जलघरों से भी पानी एक दिन छोड़कर लोगों के घरों तक भेजा जा रहा है।

### टैंकों में नहीं बचा पानी

शहर कस्बों ही नहीं देहात में पीने के पानी का संकट बना हुआ है।जिले के अधिकांश गांवों के जलघर पूरी तरह से खाली हो चुके है। उनमें एक दिन भी पानी की सप्लाई देने के लायक पानी नहीं बचा है। ग्रामीण कुंओ व हैंडपंम्पों के सहारे हलक तर कर रहे है। पानी की कमी के चलते अधिकांश गांवों में लोगों को दूर दराज इलाकों में स्थित हैंडपैम्पों से पानी लाना पड़ रहा है। इससे उनको आर्थिक नुकसान तो उठाना पड़ता है साथ में मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। चहुंओर पीने के पानी की समस्या बनी है।

**क्यों बनी समस्या:** विगत में नहरों में मांग की अपेक्षा आधा पानी मिला। नहरों के लिए साढ़े 22 सौ क्यूसेक पानी की मांग की गई थी,लेकिन बड़ी मुश्किल से एक हजार क्यूसेक पानी मिल पाया। जिसके चलते नहर व माइनरों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचा। जिन माइनरों के अंतिम छोर पर जलघर थे। उनमें पानी पहुंचा ही नहीं। जिसके चलते यह अधिकांश जलघर खाली रह गए थे। हालांकि भिवानी शहर के जलघरों को तो भर दिया गया था,लेकिन ग्रामीण इलाकों में पानी की तंगी बनी रही। जिसका असर अब देखने को मिला है।

## गारमेंट की दुकान से नकदी चोरी एक आरोपित मौके पर ही दबोचा



**लोहारू।** चोरी को घटना की शिकायत लेकर पुलिस से मिलते व्यापार मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

बीती देर रात उजाडिय़ा मंदिर के पास एक गारमेंट की दुकान में सेंधमारी कर चोर 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया जबकि उसका दूसरे साथी को एक दुकानदार की मुस्तैदी से काबू कर लिया गया। बहरहाल पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। चोरी की सारी घटना दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गारमेंट की दुकान के मालिक भीष्म ने बताया कि वह हमेशा की तरह दुकान मंगल करके घर चला गया था। जब सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा पड़ा था और सारा समान बिखरा पड़ा।

यहीं नही दुकान के गल्ले में रखी 50 हजार रुपये की नकदी भी गायब थी। यहीं नही चोरों ने साथ लगी अजीत टी स्टाल की दुकान से भी हजारों का सामना चोरी किया। लेकिन अजीत टी स्टाल के दुकान के मालिक को इस घटना की रात को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंच गया और घटना की सूचना डायल 112 पर दे दी। दुकान मालिक ने बताया कि चोर चोरी का सामान मौके पर छोड़कर फरार हो गया और रेलवे स्टेशन के पास दिवार के पास छिप गया था। बाद में चोर के एक साथी को पुलिस की मौजूदगी में दुकान मालिक ने मौके पर ही दबोच लिया। लेकिन एक साथी वहां से फरार होने में कामयाब हो गया। बहरहाल लोहारू पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, सचिव संजय खंडेलवाल ने कस्बे में हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर प्रशासन से शहर में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## आक्रोश रैली में लाखों की संख्या में जुटेंगे कच्चे-पक्के कर्मचारी : जटासरा

**भिवानी।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा संबंद्ध अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ जिला कोर कमेटी की मीटिंग हुड्डा पार्क में प्रधान सूरजभान जटासरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा संचालन सचिव सहदेव रंगा द्वारा किया गया। सूरजभान जटासरा ने बताया कि भाजपा.जजपा गठबंधन की सरकार की नीतियों से खफा कर्मियों ने 4 फरवरी को रोहतक में आक्रोश रैली करने का निर्णय लिया है। इस राज्य व्यापी आक्त्रोश रैली में प्रदेश भर से लाखों की संख्या में कच्चे.पक्के कर्मचारी भाग लेंगे तथा निर्णायक आंदोलन का ऐलान करेंगे। आक्त्रोश रैली को लेकर सभी ब्लॉक, जिला स्तर पर मीटिंगे, विभागों में द्वार सभा तथा पर्चे वितरित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आक्त्रोश रैली को लेकर कर्मियों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र को सरकार बड़ी तेजी के साथ बेच रही है। कर्मचारी पिछले 30 साल से निजीकरण, ठेका प्रथा व छंटनी के खिलाफ व आमजन के लिए रोजगार, सस्ती व सुलभ सेवाएं देने के मकसद से भी लड़ रहे है।

## शहीद प्रतिमा व चौक की सफाई नहीं होने से गुस्साएं लोगों ने दिया धरना

- राष्ट्रीय पर्व पर भी शहीद चौक व प्रतिमा की सफाई ना करवाना शहीदों का अपमान : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीदों के सम्मान के प्रति भिवानी जिला प्रशासन का दोगला चेहरा तब देखने को मिला जब राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक व शहीद मदनलाल ढींगड़ा की प्रतिमा साफ सफाई की बाट देखती रही।

जिसके विरोध में शहर के विभिन्न वार्ड के पार्षदों सहित सर्व समाज के लोगों द्वारा नेहरू पार्क के समीप स्थित शहीद मदनलाल ढींगड़ा की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया गया तथा सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। युवाओं के रोष को देखते हुए पहले भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड पहुंचे तथा मीटिंग का हवाला देते हुए बिना समाधान के लिए ही निकल लिए। जिसके बाद नगर परिषद एमई मौके पर पहुंचे तथा सफाई करवाने का आश्वासन दिया, लेकिन युवा प्रशासनिक अधिकारी से बात करने पर अड़े रहे। जिसके बाद सीटीएम तथा बाद में एडीसी अनुपमा अंजली धरना स्थल पर पहुंची तथा भविष्य में इस प्रकार की कोताही नहीं बरते जाने जाने का आश्वासन दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि आगामी 10 दिनों शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा की प्रतिमा का जीर्णोद्धार भी करवा दिया जाएगा, जिसके बाद युवाओं का गुस्सा शांत हुआ तथा उन्होंने धरना समाप्त किया। इस मौके पर पंचनंद के जिला अध्यक्ष विकास महता, महासचिव समीर रहेजा,गौरव बजाज ने बताया कि देश को आजाद करवाने में अनेक वीर सपूतों ने बलिदान दिया था। देश के प्रति उनके त्याग एवं तप को याद करने के लिए उनकी प्रतिमाएं स्थापित करवाई जाती है, ताकि युवा पीढ़ी उनके प्रेरणा ले सकें। लेकिन भिवानी जिला प्रशासन देश के वीर सपूतों के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि यही नहीं गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान भिवानी.महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी भी नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तो पहुंचे, लेकिन शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा की प्रतिमा की सफाई तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते रोष स्वरूप वे धरने पर बैठे। इस अवसर पर लेखराज, मुंजाल, विशाल चावला, अप्पू अरोड़ा, रोहित, कीर्ति,हरीश वर्मा, कृष्ण कुमार, सोहनलाल मक्कड़, पवन तलेजा, मोक्ष कक्कड़, देवराज महता, धीरज कक्कड़ आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** शहीद मदन लाल ढींगड़ा की प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठे पार्षद। फोटो : हरिभूमि

## जिला परिषद चेयरपर्सन ने बवानीखेड़ा में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित अनाज मंडी में शुक्रवार को 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी भूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन अनीता मलिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराया व विशिष्ट अतिथियों में बीडीपीओ सोमबीर कादयान, नायब तहसीलदार रोहित कौशिक, बीईओ आनंद शर्मा, एसएचओ संजय कुमार, प्राचार्या संतोष भाकर, नगर पालिका सचिव विनय काठपालिया, बीडीसी चेयरमैन शीला गिल, एडवोकेट राजेश सिंधू, रामगोपाल सैनी, जगन्नाथ महता,एडवोकेट रामकिशन काजल ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि महान देशभक्तों के बलिदान की बदौलत ही हम आज आजादी को खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने सविधान निर्माता समिति के सभी सदस्यों व देश को आजादी दिलाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव चंद्रशेखर आजाद और उद्यम सिंह जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और कहा कि हम उनके त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक के मूलमंत्र और उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है।



**इन स्कूलों ने दी प्रस्तुति:** सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने हरियाणवी गीत,आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने रामायण पर आधारित रामचरित्र नाटक की प्रस्तुति, सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने झांसी की रानी कार्यक्रम की जोरदार प्रस्तुति दी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी। इसके अलावा साहिल महता ने देशभक्ति पर व वासुदेव ने गणतंत्र दिवस पर प्रभावशाली भाषण दिया। कार्यक्रम में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के बच्चों ने पीटी डंबल का प्रदर्शन किया। प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों को जिला परिषद चेयरपर्सन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## लोहारू में विधायक सोमबीर सांगवान ने किया ध्वजारोहण

**लोहारू।** चौ. देवीलाल खेल स्टेडियम में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह हषाेल्लास के साथ मनाया गया। दादरी के विधायक सोमबीर सांगवान ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। समारोह में विधायक सोमबीर सांगवान व एसडीएम अमित कुमार ने क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठनों और अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। सोमबीर सांगवान ने कहा कि वर्ष 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। आज हम गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करते हैं। कार्यक्रम में लोहारू के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र.छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, वन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों की प्रदर्शित करती हुई झांकियां भी निकली गई।



इस मौके पर तहसीलदार विक्रम सिंगला, नायब तहसीलदार संजय शमा, डा. सुभाष चंद्र, बीईओ विजय प्रभा, डॉ. ओमप्रकाश डुडी, बीडीपीओ धर्मपाल, सचिव तेजपाल तंवर व अनिल कुमार,एसडीओ दिलबाग सिंह,चाननमल, अनिल गुप्ता, अजयकुमार, राजकुमार नागल, समाज सेवी रमेश कौशिक, वीरांगना सिलोचना श्योराण, पूर्व चेयरमैन राजीव श्योराण, विरेन्द्र लांबा, रविंद्र मंडोली, बार प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र ओबरा, संजय नेहरा, वाईस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा, संजय जांगड़ा, विजय शेखावत, कैप्टन रामफल श्योराण, डॉ. सुखबीर सिंह, डा मुकेश चहल, महेश गोपालवासिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सुरुचि ने जीते दो गोल्ड मेडल

- गुरू द्रोणाचार्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी सुरुचि ने तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग की अंडर 18 आयुवर्ग में सोना जीता
- 2023 में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 6 गोल्ड, 7 सिल्वर व 3 ब्रांज मेडल जीत चुकी है होनहार बेटी



पदक विजेता सुरुचि

**भिवानी।** खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी के खिलाड़ी समय-समय पर अपनी खेल प्रतिभा के जौहर दिखाकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भिवानी का सीना गर्व से चौड़ा करने का काम किया है। खिलाड़ियों की मेहनत एवं प्रतिभा की बदौलत ही आज विश्वभर में भिवानी को खेलों का हब माना जाता है।

इसी कड़ी में गुरू द्रोणाचार्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी सुरुचि ने तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग की अंडर-18 आयुवर्ग में दो गोल्ड मेडल जीते है। अकादमी के कोच सुरेश सिंह ने बताया कि सुरुचि मूलरूप से झज्जर जिले के गांव सासरौली निवासी है, लेकिन पिछले कई वर्षो से भिवानी में रहकर अकादमी में ही शूटिंग का अभ्यास करती है। सुरुचि होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, जिन्होंने पहले भी कई विभिन्न राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियागिताओं में 16 पदक जीत चुकी है। उन्होंने बताया कि जिसमें वर्ष 2023 में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 6 गोल्ड, 7 सिल्वर व 3 ब्रांज मेडल थे। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सुरुचि ने एक सिल्वर मेडल जीतकर विश्वस्तर पर भिवानी का नाम रोशन कर चुकी है। कोच सुरेश ने बताया कि सुरुचि का भिवानी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### सांसद धर्मबीर सिंह ने भीम खेल परिसर में फहराया तिरंगा

# परेड में महिला पुलिस की टुकड़ी अव्वल रही

- पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दस साल में हर क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति की : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** बेहतरीन कार्य करने वाले हरिकेश को सम्मानित करते और समारोह का निरीक्षण करते सांसद



भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति की है। आज हमारी सेना सशक्त है। हम खाद्यानों के साथ.साथ सैन्य संस्थानों में भी आत्म निर्भर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी सक्षम व्यक्ति हैं, जिनके निर्णय पर आज दुनिया की नजर होती है। परिणाम स्वरूप विकसित देशों के राष्ट्र भी हमारी नीतियों को अनुसरण कर रहे हैं।

सांसद धर्मबीर सिंह भीम खेल परिसर में आयोजित 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सांसद ने राष्ट्रगान की धुन के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। भीम खेल परिसर में समारोह में शामिल होने से पहले सांसद धर्मबीर सिंह नेहरू पार्क में पहुंचे और यहां स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की आजादी में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया। समारोह के दौरान सांसद ने युद्घ वीरांगनाओं व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। समारोह में परेड की टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट किया और राष्ट्र ध्वज को सलाम किया। परेड में महिला पुलिस की टुकड़ी पहले, एनसीसी सीनियर डिवीजन लडक़ों की टुकड़ी दूसरे और पुरूष पुलिस की टुकड़ी तीसरे स्थान पर रही गणतंत्र समारोह में परेड कमांडर परेड की टुकडिय़ों ने उप पुलिस अधीक्षक लोहारू, अशोक कुमार की अगुवाई में जोरदार मार्च पास्ट किया। एएसआई अमरजीत की अगुवाई में हरियाणा पुलिस पुरुष, पीएसआई काफी की अगुवाई में महिला पुलिस, एचसी ज्ञानेंद्र दहिया की अगुवाई में होमगार्ड, अंडर ऑफिसर राहुल की अगुवाई में एनसीसी सीनियर डिवीजन लड़के व अंडर ऑफिसर कशिश जैन की अगुवाई में एनसीसी लड़कियां, मंदीप की अगुवाई में एससीसी ज्यूनियर डिवीजन, सागर के नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप लड़के रचना की अगुवाई में चंद्रशेखर आजाद से लड़कियों की टुकडिय़ां तथा वैश्य मॉडल स्कूल की बैंड की टुकडिय़ों द्वारा मार्च पास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड में महिला पुलिस की टुकड़ी पहले, एनसीसी सीनियर डिवीजन लड़कों की टुकड़ी दूसरे और पुरुष पुलिस तीसरे स्थान पर रही।

**निष्ठावान व कर्मठ अधिकारियों व कर्मचारियों तथा उल्लेखनीय कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित:** इस अवसर पर निष्ठावान अधिकारियों कर्मचारियों व उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में परेड कमांडर डीएसपी लोहारू अशोक कुमार, डॉ. रश्मि बजाज, जिला परिवहन अधिकारी दर्शना भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता संभव जैन, पीटीआई गोवर्धन, मुक्केबाज प्रीति व पूजा बोहरा, कबड्डी खिलाड़ी नवीन गोयत, सहायक प्रो. प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रो. हरिकेष पंघाल, बुशान से मुनेश कालीरमण, पशु चिकित्सक डॉ. सुभाष, एसआई धर्मेंद्र कुमार, पीएसआई विशेष, एएसआई राजेश कुमार आदि शामिल हैं।

**गुप्त व यौन रोग**
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पता: 1st फ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।